सप्तदश बिहार विधान सभा

षष्ठम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 शुक्रवार, दिनांक-24 जून, 2022 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.24 बजे पूर्वा० तक

[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :-

यथा संलग्न ।

[2] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के षष्ठम सत्र के लिए निम्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है :-

(i) श्री प्रेम कुमार
(ii) श्री नरेन्द्र नारायण यादव
(iii) श्री अवध विहारी चौधरी
(iv) श्रीमती ज्योति देवी
(v) श्री मो० आफाक आलम

[3] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के षष्ठम सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया गया :-

(i) अध्यक्ष, बिहार विधान सभा - सभापति
(ii) श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री - सदस्य
(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री - सदस्य
(iv) श्रीमती रेणु देवी, उप मुख्यमंत्री - सदस्य
(v) श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग - सदस्य
(vi) श्री श्रवण कुमार, मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग - सदस्य
(vii) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल - सदस्य
(viii) श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० - सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री जीतन राम माँझी, स०वि०स०

(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(iii) श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०

(iv) श्री राम रतन सिंह, स०वि०स०

(v) श्री अजय कुमार, स०वि०स०

(vi) श्रीमती स्वर्णा सिंह, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[4] अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के चतुर्थ एवं पंचम सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमोदित निम्न 11 (ग्यारह) विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा गया :-

क्रमांक	विधेयकों का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार विनियोग विधेयक, 2022	16.03.2022
(ii)	बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2022	30.03.2022
(iii)	बिहार कराधान विधि (समय-सीमा प्रावधानों का शिथिलीकरण) विधेयक, 2022	01.04.2022
(iv)	बिहार शहरी आयोजना तथा विकास (संशोधन) विधेयक, 2022	01.04.2022
(v)	बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2022	01.04.2022
(vi)	बिहार कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022	02.04.2022
(vii)	बिहार पुलिस (संशोधन) विधेयक, 2022	01.04.2022
(viii)	बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2022	02.04.2022
(ix)	बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2022	01.04.2022
(x)	बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संशोधन) विधेयक, 2022	01.04.2022
(xi)	बिहार निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021	28.04.2022

[5] वित्तीय कार्य :-

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री मंगल पाण्डेय द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन सभा मेज पर किया गया ।

[6] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई :-

(i) स्व० नन्द किशोर प्रसाद, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व स०वि०प०

(ii) स्व० नवल किशोर राय, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व सदस्य, लोक सभा

(iii) स्व० सीताराम दास, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार

(iv) स्व० सुरेश कुमार मिश्र, पूर्व स०वि०स०

(v) स्व० त्रिभुवन सिंह, पूर्व स०वि०स०

(vi) स्व० रामदेव वर्मा, पूर्व स०वि०स०

(vii) स्व० डॉ० युगल किशोर प्रसाद, पूर्व स०वि०स०

(viii) स्व० प्रशांत कुमार, पूर्व स०वि०स०

(ix) स्व० शिवनन्दन प्रसाद सिंह, पूर्व स०वि०प०

(x) स्व० योगेन्द्र पाण्डेय, पूर्व स०वि०स०

(xi) स्व० प्रो० असलम आजाद, पूर्व स०वि०प०

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संवेदना शोक संतप्त परिवार के पास भेज दिये जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 27 जून, 2022 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-24.06.2022

पवन कुमार पाण्डेय

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।